INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	**Department: Hindi**	**Class work**
Lesson 1- Q/Bank, Grammar'	Topics: - **Q/Bank with Grammar'**	**Pl File in portfolio-**

एक तिनका -अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 'एक तिनका' के कवि कौन हैं?

उत्तर- 'एक तिनका' के कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी हैं।

प्रश्न-2 तिनका कहाँ आ गिरा?

उत्तर- तिनका कवि की आँख में आ गिरा।

प्रश्न-3 कवि छत पर किस भाव से खड़ा था?

उत्तर- कवि छत पर घमंड से भरे हुए भाव में खड़ा था।

प्रश्न-4 कवि घमंड में ऐंठा हुआ कहाँ खड़ा था?

उत्तर- कवि घमंड में ऐंठा हुआ मुंडेर (छत) पर खड़ा था।

प्रश्न-5 तिनका कहाँ से उड़ कर आया था?

उत्तर- तिनका बहुत दूर से उड़ कर आया था।

प्रश्न-6 लोगों ने कवि की आँख से तिनका कैसे निकला?

उत्तर- लोगों ने कपड़े की मूँठ बनाकर कवि की आँख से तिनका निकला |

प्रश्न-7 कवि को किसने ताने दिए?

उत्तर- कवि को उसकी अपनी बुद्धि और समझ ने ताने दिए|

प्रश्न-8 कवि की आँख क्यों लाल हो गई थी?

उत्तर- आँख में एक तिनके के पड़ जाने के कारण कवि की आँख लाल हो गई थी|

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 कवि अपने आप से क्या प्रश्न करता है?

उत्तर– कवि अपने आप से यह प्रश्न करता है कि आखिर उसे किस बात पर घमंड था| उसके घमंड को चूर करने के लिए तो एक तिनका ही काफ़ी है|

प्रश्न-2 तिनका आँख में गिरने के कारण कवि की क्या दशा हुई थी?

उत्तर- तिनका आँख में गिरने के कारण कवि की व्याकुलता बढ़ गई, उसकी आँख लाल हो गई और दर्द से दुखने लगी। वह दर्द से कराह रहा था और असहाय था।

प्रश्न-3 घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आस-पास लोगों ने क्या किया ?

उत्तर– घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आस-पास के लोगों ने कपड़े की मूँठ बनाकर उसकी आँख से तिनके को निकालने का प्रयत्न किया।

प्रश्न-4 तिनकेवाली घटना से कवि को क्या शिक्षा मिली?

उत्तर–तिनकेवाली घटना से कवि को यह शिक्षा मिली कि मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए एक छोटा तिनका भी कष्ट का कारण बन सकता है और हमारे घमंड को चूर कर सकता है।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 कवि की सारी अकड़ क्यों भाग गई?

उत्तर– कवि की सारी अकड़ आँख में तिनका गिरने से भाग गई। उसे घमंड था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता परंतु एक तिनके ने उसकी हालत बुरी कर दी और उसे तिनका निकालने के लिए दूसरों की मदद लेनी पड़ी।

प्रश्न-2 ‘एक तिनका’ कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

उत्तर- ‘एक तिनका’ कविता में घमंड से भरे कवि की आँखों में पड़ा हुआ तिनका उसे बेचैन कर देता है, जिससे उसका सारा घमंड चूर-चूर हो जाता है| किसी तरह लोग कपड़े की नोक से उसकी आँख में पड़ा तिनका निकालते हैं तो कवि सोच में पड़ जाता है कि आखिरकार उसे आज तक किस बात का घमंड था| जो एक तिनके ने तोड़ कर रख दिया है|

इस घटना के माध्यम से कवि ने संदेश दिया है कि हमें स्वयं पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए।

प्रश्न-3 ऐंठ और समझ में क्या अंतर है?

उत्तर–

ऐंठ	समझ
ऐंठ- अकड़कर चलती है| घमंड से भरी होती है| रूखे स्वर में बात करती है| किसी को कुछ नहीं समझती है| उसे किसी बात की परवाह नहीं होती है|	समझ– समझ शांत स्वभाव की होती है| उसका व्यवहार नम्र, विनीत तथा सरल होता है| वह सब का आदर करती है| उसकी बातों में समझदारी होती है|

व्याकरण भाग –

प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. तीव्र X मंद
2. बलवान X निर्बल
3. औपचारिक X अनौपचारिक
4. सकारात्मक X नकारात्मक
5. सपूत X कपूत
6. घमंडी X विनम्र
7. नीरस X सरस
8. परिचित X अपरिचित

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए|

1. तिनका - तृण , घास
2. उन्नति – विकास , प्रगति
3. कोमल - नरम , मुलायम
4. तारा - नक्षत्र , सितारा
5. मनुष्य – मानव , नर

6. शत्रु - अरि , बैरी

7. बेचैन – व्याकुल , अधीर

8. समूह - दल , झुंड

प्रश्न-3 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पूरे कीजिए।

1. नीतू अपने ससुर और ____________ को सामने पाकर फूली न समाई।
2. मामी और __________ दोनों ने हमें पैसे दिए।
3. नर कठोर होते हैं और ____________ सरल स्वभाव की होती है।
4. सबने वर __________ को आशीर्वाद दिया।
5. नर यदि घर का स्वामी है तो __________ घर की स्वामिनी है।
6. चाचा और ________ आ गए।
7. बालक और _______________ पुस्तक पढ़ रहे है।
8. इस आश्रम में साधु नहीं सिर्फ _______________ रहती हैं|

प्रश्न-4 **Classwork**- मीठी वाणी का महत्त्व पर एक अनुच्छेद लिखिए|

'वाणी' ही मनुष्य को लोकप्रिय बनाती है। यदि मनुष्य मीठी वाणी बोले, तो वह सबका प्यारा बन जाता है और जिसमें अनेक गुण होते हुए भी यदि उसकी 'वाणी' मीठी नहीं है तो उसे कोई पसंद नहीं करता। इस उदाहरण को कोयल और कौआ के तथ्य से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। दोनों देखने में एक समान होते हैं, परंतु कौए की कर्कश आवाज़ और कोयल की मधुर वाणी दोनों की अलग-अलग पहचान बनती है, इसलिए कौआ सबको अप्रिय और कोयल सबको प्रिय लगती है। मीठी वाणी बोलने वाले कभी क्रोध नहीं करते बल्कि प्रेम सौहार्द से समाज में मेल-जोल बढ़ाते हैं।

लेखन कार्य – **Homework**- ' परिश्रम का महत्त्व' **पर एक अनुच्छेद लिखिए|**